SNBP INTERNATIONAL & SENIOR SECONDARY SCHOOL, CHIKHALI, PUNE
Affiliation No. 1130703
ACADEMIC SESSION 2024 -25
CLASS NOTES

पाठ-६ रानी मधुमक्खी की चतुराई / विशेषण

PREPARED BY: Deepali Jadhav(१७ /१०/२४) Class : II

Subject – Hindi

प्रश्न १. दिए गए शब्दों के अर्थ लिखिए –

१) छत्ता – मधुमक्खियों का घर
२) शहद – मधु
३) बटोरती – इकठ्ठा करती
४) पेड़ - वृक्ष
५)प्रजा – जनता
६) तरकीब - उपाय
७) हमला - आक्रमण

प्रश्न २. कठिन शब्दों को फिर से दो बार लिखिए –

१) मधुमक्खी - मधुमक्खी , मधुमक्खी
२) तुम्हारा – तुम्हारा , तुम्हारा
३) मुश्किल - मुश्किल , मुश्किल
५) छत्ता – छत्ता , छत्ता
६) दोस्त – दोस्त , दोस्त
७) पंक्ति - पंक्ति , पंक्ति

प्रश्न ३. श्रुतलेख - दिए गए वाक्य को पाँच बार लिखिए –

१) रानी मधुमक्खी ने सभी को शहद पिलाया ।

प्रश्न ४. दिए गए शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्यों मे प्रयोग कीजिए –

१) शहद - मधु

वाक्य- भालू को शहद खाना पसंद है |

२)हमला - आक्रमण

वाक्य – मधुमक्खियों ने बंदर पर हमला किया |

प्रश्न ५. खाली जगह भरिए –

१) मधुमक्खियों ने बहुत बड़ा छत्ता बनाया ।

२) बंदर और भालू शेर के दरबार में पहुँचे|

३) रानी मधुमक्खी शहद से भरा मटका लेकर आती है |

४) सभी <u>पशु –पक्षी</u> पंक्ति में बैठ गए |

प्रश्न ६. दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए –

१) कौन मज़े से शहद चूसता था ?

उत्तर – भालूराम मज़े से शहद चूसता था |

२) भालू और उसका परिवार क्या देखकर खुश हुआ ?

उत्तर – भालू और उसका परिवार मधुमक्खियों द्वारा बनाए गए बड़े से छत्ते को देखकर खुश हुआ |

३) बंदर और भालू ने किससे माफ़ी माँगी ?

उत्तर – बंदर और भालू ने रानी मधुमक्खी से माफ़ी माँगी |

प्रश्न ७. गतिविधि – मधुमक्खी का चित्र बनाइए और उसमें रंग भरिए |

व्याकरण पाठ -११ विशेषण

विशेषण – जो शब्द संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताते हैं , उन्हें **विशेषण** कहते हैं । विशेषता बताने वाले शब्दों में गुण ,संख्या और नाप- तौल बताने वाले शब्द भी होते हैं |

जैसे – अच्छी ,कच्चा , मीठा ,लंबी ,ताकतवर ,लाल ,सुंदर ,शरारती ,रंग-बिरंगी ,नटखट दो आदि |

प्रश्न १. दिए गए वाक्यों में से विशेषण शब्द छाँटकर लिखिए –

१) रमा सुंदर लड़की है | - <u>सुंदर</u>

२) हमारे घर में चार लोग रहते है | - <u>चार</u>

३) हाथी ताकतवर जानवर है | - ताकतवर

४) मुझे एक गिलास दूध दो | - एक